# सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

बरनदूत यसंवाददासता।
बुलन्दशहर। महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय कृषि आर्थिक नीति अनुसंधान संस्थान की ओर से सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम (1 माह) की शुरुआत अक्टूबर महीने मे की गई थी, जिसका समापन आज नवंबर को हुआ।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से आए कृषि वैज्ञानिक दिलीप कुमार , मंगल सिंह चौहान द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत किया गया। इस कार्यक्रम मे प्रवक्ता के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र बुलंदशहर के मौसम वैज्ञानिक डॉ रामानंद पटेल ने शिरकत की। मंगल सिंह चौहान ने कार्यक्रम की शुरुआत की एवम ऐसे कार्यक्रम में बड़ चढ़ कर महिलाओ को भाग लेने के लिए प्रोस्ताहित किया।

वैज्ञानिक दिलीप कुमार ने फीडबैक फॉर्म द्वारा प्रशिक्षण के प्रभाव



को जानने की कोशिश की। उन्होने प्रशिक्षार्थी की प्रशिक्षण के दौरान होने वाली समस्याओं को सुना एवम उसके समाधान करने का आश्वासन दिया।

इसके अलावा दिलीप कुमार ने सिलाई प्रशिक्षण के लिए नए मोबाइल एप्लिकेशन के बारे में बताया एवम कुछ ऑनलाइन वेबसाइट के बारे मे भी अवगत कराया ताकि वो और भी नई नई डिजाइन सीख सके।

रामानंद पटेल ने सिलाई प्रशिक्षण की उपयोगिता पे प्रकाश डाला और इससे होने वाले लाभ का ज्ञान दिया। अंत में रामानंद पटेल द्वारा प्रत्याशी को सर्टिफिकेट वितरण किया। कार्यक्रम का समापन महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण के साथ किया गया। मंगल सिंह चौहान ने लाभार्थी के दस्तावेजों का सत्यापन भी किया ।

यह बहुत ही सराहनीय कार्यक्रम है तथा इसमें महिलाओं को बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए। 80–100 किसानों एवम महिलाओं ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अलका मोटल में दीपावली उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया



अग्रवाल, अमित गर्ग, शिवम अग्रवाल, दीपक बंसल, रोहित वर्मा, नीरज राघव ,**CA** अंशित अग्रवाल, अजय कंसल, अजय मित्तल, मनोज गोयल, सुमित गोयल, विनय गुप्ता, डॉक्टर नवीन मित्तल, कृष्ण गोपाल, अरविंद गर्ग सपरिवार उपस्थित रहे।

बरनदूत संवाददाता।

## सिलाई मशीन प्रशिक्षण पूरा

बुलंदशहर : रायपुर तालाब गांव में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चल रहे सिलाई मशीन प्रशिक्षण एवं वितरण का सोमवार को समापन हो गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से आए कृषि विज्ञानी दिलीप कुमार व मंगल सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जाति उप योजना के तहत प्रशिक्षण दिया गया। मंगल सिंह चौहान ने महिलाओं को प्रोत्साहित किया। विज्ञानी दिलीप कुमार ने फीडबैक फार्म भरवाए। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान होने वाली समस्याओं को सुना एवं उनके समाधान का आश्वासन दिया। जासं

